SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 10

लोकतांत्रिक राजनीति - 2

अध्याय - 5

लोकतंत्र के परिणाम
Outcomes of Democracy

भाग - 2

प्रीतेश जोशी

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

लोकतंत्र



✓

* गरिमा
* निर्णय
* दबाव
* जालतियों (सुधार)

✗

भ्रष्टाचार
कार्य कुशलता ↓
बहु

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

आर्थिक संवृद्धि और विकास

- लोकतांत्रिक शासन में अच्छी सरकार की अपेक्षा की जाती है साथ ही उससे विकास की प्रक्रियाएँ अपनाने की उम्मीद भी की जाती है।
- अगर 1950 से 2000 के बीच के सभी लोकतंत्रिक शासनों और तानाशाहियों के कामकाज की तुलना की जाये तो यह पाया जाता है कि आर्थिक संवृद्धि के मामले में तानाशाहियों का रिकॉर्ड थोड़ा बेहतर है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST



- उच्चतर आर्थिक संवृद्धि हासिल करने में लोकतांत्रिक शासन की यह अक्षमता एक चिंता का विषय है।

  पर अकेले इसी कारण से लोकतंत्रात्मक शासन व्यवस्था को खारिज भी नहीं किया जा सकता।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- हम सभी जानते हैं कि आर्थिक विकास कई कारकों पर निर्भर करता है–मसलन देश की जनसंख्या के आकार,
- वैश्विक स्थिति,
- अन्य देशों से सहयोग और
- देश द्वारा तय की गई आर्थिक प्राथमिकताएँ
- आदि।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- पर हम उम्मीद कर सकते हैं कि आर्थिक संवृद्धि के मामले में लोकतांत्रिक व्यवस्था तानाशाही से बेहतर ही होती है।
- तानाशाही और लोकतांत्रिक शासन वाले देशों के आर्थिक विकास दर में जो अंतर देखने को मिलता है, वह भले ही ज़्यादा हो लेकिन इसके बावजूद लोकतांत्रिक व्यवस्था का चुनाव ही बेहतर है क्योंकि इसके अन्य अनेक सकारात्मक परिणाम भी हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST



असमानता और गरीबी में कमी

- लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे देश में मौजूद आर्थिक असमानता को कम करेंगी।

परन्तु उसके बाद भी यह प्रश्न महत्वपूर्ण होता है कि जब देश में आर्थिक विकास तेज़ हो तब भी क्या आमदनी का वितरण इस तरह हो पाता है कि सभी को उसका बराबर-बराबर लाभ मिले और सभी लोग बेहतर जीवन गुज़ार सकें?

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- यह भी एक प्रश्न है कि क्या लोकतांत्रिक व्यवस्था में आर्थिक संवृद्धि और लोगों के बीच आर्थिक असमानता का बढ़ना साथ-साथ होता है?
- क्या लोकतंत्र आने से अवसरों और वस्तुओं का न्यायपूर्ण वितरण हो पाता है?

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST



LET'S LEARN TOGETHER

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- लोकतांत्रिक व्यवस्था राजनीतिक समानता पर आधारित होती है।
- प्रतिनिधियों के चुनाव में हर व्यक्ति का वज़न बराबर होता है।
- व्यक्तियों को राजनीतिक क्षेत्र में परस्पर बराबरी का दर्जा तो मिल जाता है लेकिन इसके साथ-साथ हम आर्थिक असमानता को भी बढ़ता हुआ पाते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



धनिकों के पास सबसे ज्यादा धन

- कई बार यह भी देखने को मिलता है कि मुट्ठी भर धनकुबेर आय और संपत्ति में अपने अनुपात से बहुत ज़्यादा हिस्सा पाते हैं।
- इतना ही नहीं, देश की कुल आय में उनका हिस्सा भी बढ़ता गया है।
- समाज के सबसे निचले हिस्से के लोगों को जीवन बसर करने के लिए काफ़ी कम साधन मिलते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- उनकी आमदनी गिरती गई है।
- कई बार उन्हें भोजन, कपड़ा, मकान, शिक्षा और इलाज जैसी बुनियादी ज़रूरतें पूरी करने में मुश्किल आती हैं।

वास्तविक जीवन में लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ आर्थिक असमानताओं को कम करने में ज़्यादा सफल नहीं हो पाई हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- यदि भारत की बात की जाये तो भारत की गरीबी भी आर्थिक असमानता का परिचय देती है।
- भारतीय मतदाताओं में गरीबों की संख्या बहुत अधिक है जो देश में सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- इसलिए हर पार्टी उनके वोटों को प्राप्त करना चाहती है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

लोकतंत्र
चुनाव - सरकार
गरीबी
जीत

- परन्तु सरकार बनने के बाद लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित सरकारें गरीबी के सवाल पर उतना ध्यान नहीं देती जितने कि उनसे उम्मीद की जाती है।
- कुछ देशों में स्थिति अत्यधिक खराब पायी जाती है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- जैसे-बांग्लादेश की बात की जाये तो यहां आधी से ज़्यादा आबादी गरीबी में जीवन गुज़ारती है।
- अनेक गरीब देशो के लोग अपनी खाद्य-आपूर्ति के लिए भी अब अमीर देशों पर निर्भर हो गए हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

सामाजिक

सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य

- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाओं से यह अपेक्षा की जाती है कि शांति और सद्भाव का जीवन जीने में यह नागरिकों के लिए मददगार साबित होती हैं।
- लोकतांत्रिक व्यवस्था से यह उम्मीद भी की जाती है कि वह सद्भावपूर्ण सामाजिक जीवन उपलब्ध कराएगी।

LET'S LEARN TOGETHER

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



❖ हमने इससे पहले के अध्यायों में कई उदाहरण देखे हैं जिनमें हमने पाया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ अनेक तरह के सामाजिक विभाजनों को सँभालती हैं।

जैसे- बेल्जियम ने अपने यहाँ के विभिन्न जातीय समूहों की आकांक्षाओं के बीच सफलतापूर्वक सामंजस्य स्थापित किया था।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ स्वयं ही आम तौर पर अपने अंदर की प्रतिद्वंद्विताओं को सँभालने की प्रक्रिया विकसित कर लेती हैं। इससे इन टकरावों के विस्फोटक या हिंसक रूप लेने का अंदेशा कम हो जाता है।
- कोई भी समाज अपने विभिन्न समूहों के बीच के टकरावों को पूरी तरह और स्थायी रूप से नहीं खत्म कर सकता,

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- परन्तु हम इन अंतरों और विभेदों का आदर करना सीख सकते हैं और इनके बीच बातचीत से सामंजस्य बैठाने का तरीका विकसित कर सकते हैं।
- इस काम के लिए लोकतंत्र सबसे अच्छी शासन व्यवस्था मानी जाती है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- गैर-लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ आमतौर पर अपने अंदरूनी सामाजिक मतभेदों से आँखें फेर लेती हैं या उन्हें दबाने की कोशिश करती हैं।
- इस प्रकार सामाजिक अंतर, विभाजन और टकरावों को सँभालना निश्चित रूप से लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का एक बड़ा गुण है,

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- परन्तु श्रीलंका का उदाहरण इस बात के लिए भी प्रेरित करता है कि इस परिणाम को हासिल करने के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को स्वयं भी दो शर्तों को पूरा करना होता है :
  - पहली शर्त- यह गौर करना जरूरी है कि लोकतंत्र का सीधे-सीधे अर्थ बहुमत की राय से शासन करना नहीं है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- बहुमत को सदा ही अल्पमत का ध्यान रखना होता है।
- उसके साथ काम करने की ज़रूरत होती है।
- तभी, सरकार जन-सामान्य की इच्छा का प्रतिनिधित्व कर पाती है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



⇨ दूसरी शर्त- यह भी समझना ज़रूरी है कि बहुमत के शासन का अर्थ धर्म, नस्ल अथवा भाषायी आधार के बहुसंख्यक समूह का शासन नहीं होता।

- बहुमत के शासन का मतलब होता है कि हर फ़ैसले या चुनाव में अलग-अलग लोग और समूह बहुमत का निर्माण कर सकते हैं या बहुमत में हो सकते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- लोकतंत्र तभी तक लोकतंत्र रहता है जब तक, प्रत्येक नागरिक को किसी न किसी अवसर पर बहुमत का हिस्सा बनने का मौका मिलता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

नागरिकों की गरिमा और आजादी

- व्यक्ति की गरिमा और आज़ादी के मामले में लोकतांत्रिक व्यवस्था किसी भी अन्य शासन प्रणाली से काफ़ी आगे है।
- प्रत्येक व्यक्ति की यह अपेक्षा रहती है कि वह अपने साथ के लोगों से सम्मान पाये। परन्तु टकराव तब पैदा होते हैं जब कुछ लोगों को यह लगता है कि उनके साथ सम्मान का व्यवहार नहीं किया जा रहा।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- दुनिया भर की लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ सैद्धांतिक तौर पर मानती हैं कि व्यक्ति की गरिमा और आज़ादी की चाह ही लोकतंत्र का आधार है।

परन्तु अलग-अलग लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में इन बातों पर अलग-अलग स्तर का आचरण होता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- लोकतांत्रिक सरकारें सदा नागरिको के अधिकारों का सम्मान करे, यह आवश्यक नहीं।

फिर, जो समाज लंबे समय तक गुलामी के शासन में रहे हैं उनके लिए यह महसूस करना भी आसान नहीं है कि सभी व्यक्ति बराबर हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- जैसे यदि यहाँ स्त्रियों की गरिमा का ही उदाहरण लें तो दुनिया के अधिकांश समाज पुरुष-प्रधान समाज रहे हैं।
- महिलाओं के लंबे संघर्ष के बाद अब जाकर यह माना जाने लगा है कि महिलाओं के साथ गरिमा और समानता का व्यवहार लोकतंत्र की ज़रूरी शर्त है और आज अगर कहीं यह स्थिति है तो उसका यह मतलब नहीं कि औरतों के साथ सदा से सम्मान का व्यवहार ही हुआ है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST



- बहरहाल, एक बार जब सिद्धांत रूप में इस बात को स्वीकार कर लिया गया है तो अब औरतों के लिए वैधानिक और नैतिक रूप से अपने प्रति गलत मान्यताओं और व्यवहारों के खिलाफ़ संघर्ष करना आसान हो गया है। अलोकतांत्रिक व्यवस्था में यह बात संभव न थी क्योंकि वहाँ व्यक्तिगत आज़ादी और गरिमा न तो वैधानिक रूप से मान्य है, न नैतिक रूप से। यही बात जातिगत असमानता पर भी लागू होती है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था ने कमज़ोर और भेदभाव का शिकार हुई जातियों के लोगों के समान दर्जे और समान अवसर के दावे को बल दिया है।
- आज भी जातिगत भेदभाव और दमन के उदाहरण देखने को मिलते हैं पर इनके पक्ष में कानूनी या नैतिक बल नहीं होता।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- संभवतः इसी अहसास के चलते आम लोग अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति ज़्यादा सचेत हुए हैं।
- लोकतंत्र से लगाई गई उम्मीदों को किसी लोकतांत्रिक देश के मूल्यांकन का आधार भी बनाया जा सकता है।
- लोकतंत्र की एक खासियत है कि इसकी जाँच-परख और परीक्षा कभी खत्म ही नहीं होती।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- लोगों को जब लोकतंत्र से थोड़ा लाभ मिल जाता है तो वे और लाभों की माँग करने लगते हैं।
- वे लोकतंत्र से और अच्छा परिणाम चाहते हैं। यही कारण है कि जब जनता से लोकतंत्र के कामकाज के बारे में पूछा जाता हैं तो वे हमेशा लोकतंत्र से जुड़ी अपनी अन्य अपेक्षाओं का पुलिंदा खोल देते हैं और शिकायतों का अंबार लगा देते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- शिकायतों का बने रहना भी लोकतंत्र की सफलता की गवाही देता है।

इससे पता चलता है कि लोग सचेत हो गए हैं और वे सत्ता में बैठे लोगों के कामकाज का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने लगे हैं।

- लोकतंत्र के कामकाज से लोगों का असंतोष जताना लोकतंत्र की सफलता को तो बताता ही है साथ ही यह लोगों के प्रजा से नागरिक बनने की गवाही भी देता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

आज अधिकांश लोग मानते हैं कि सरकार की चाल-ढाल पर उनके वोट से असर पड़ता है और यह उनके अपने हितों को भी प्रभावित करता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

